मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ■ अंक - 25 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 13 से 19 मार्च 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये

## जान से मारने की धमकी, टैक्सी चालक गिरफ्तार

### एक्स्ट्रा किराया और अतिरिक्त सवारी को लेकर चालक से हुई थी बहस



**मुंबई :** डीबी मार्ग पुलिस ने एक टैक्सी चालक को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ यात्रियों से अधिक भाड़ा वसूलने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। आरोपी का नाम रउफ कासम राजकोटवाला (62) है। वह ग्रांट रोड का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, दक्षिण मुंबई के कारोबारी 63 वर्षीय अरविंद जैन 3 मार्च को अपने भाई राजेन्द्र जैन से मुलाकात और करने एलटी मार्ग स्थित धनजी स्ट्रीट आए थे। ग्रांट रोड स्टेशन के लिए वह किंका स्ट्रीट, गुलालवाड़ी से एक शेयर टैक्सी में सवार हुए। आरोप है कि टैक्सी चालक रउफ ने तय क्षमता से अधिक यात्रियों को टैक्सी में बिठाया था और वह तय भाड़ा से 5 से 10 रुपया अतिरिक्त किराया भी वसूल रहा था।

अरविंद जेन ने जब अधिक किराया देने से मना किया, तो टैक्सी चालक ने बदतमीजी करते हुए उन्हें नीचे उतार दिया और कथित तोर पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने टेक्सी चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 (2), 504, 37 (अ) समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## मुंबईकरों को सूरज का चटका गर्मी का जोरदार झटका...!

**मुंबई :** राज्य में लोग फरवरी के आखिरी दिनों से ही तपती गर्मी का अहसास कर रहे हैं।इस भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल हुआ है। भारतीय मौसम विभाग के सांताक्रूज वेधशाला में सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान ३९.३ डिग्री सेल्सियस रहा, जो है। गुरुवार को मुंबई में अधिकतम तापमान ३६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



मौसम विभाग के अनुसार, १० मार्च को अधिकतम तापमान ३८ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २५ डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद अगले दिन भी इसी तरह अधिकतम तापमान बना रहेगा और न्यूनतम तापमान २६ डिग्री सेल्सियस होगा। रविवार १२ मार्च को अधिकतम तापमान ३७ और न्यूनतम तापमान २६ डिग्री सेल्सियस होगा। यह भी अनुमान लगाया गया है कि अगले दो हफ्तों में अधिकतम तापमान ३० से ३५ डिग्री के बीच होगा। आईएमडी के वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र में देर से बहनेवाली हवाएं बढ़ते तापमान का कारण हैं। मुंबई में इस समय जोरदार पूर्वी हवाएं बह रही हैं, जिस कारण मुख्य भू-भाग की ओर बहनेवाली समुद्री हवाओं में विलंब हो रहा है। इस कारण दैनिक तापमान लगातार बढ़ रहा है।

कर रखा है। आलम यह है कि मुंबईकरों को सूरज का चटका गर्मी का जोरदार झटका दे रहा है। इन सबके बीच मौसम विभाग ने लोगों को और चिंतित करनेवाली जानकारी दी है। विभाग के अधिकारियों ने राज्य में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक तापमान में वृद्धि होने का पूर्वानुमान लगाया है। विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि आज और कल सूर्य की किरणें आग उगलेंगी। इसका असर मुंबई और कोकण में दिखाई देगा।

उल्लेखनीय है कि मार्च की शुरूआत से मुंबई का पारा चढ़ा साल २०२३ में सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। इसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना जताई गई है। बता दें कि इस साल पहली बार सबसे गर्म दिन १८ फरवरी को दर्ज किया गया था। उस समय अधिकतम तापमान ३७.९ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

हालांकि, बीतते हुए मार्च महीने में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। बता दें कि मुंबई में अब तक का अधिकतम तापमान ४१.३ डिग्री सेल्सियस मार्च २०११ में दर्ज किया गया था। फिलहाल, इस साल सोमवार को दर्ज हुआ अधिकतम तापमान दूसरे स्थान पर

## १ अप्रैल से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर सफर करना महंगा हो जाएगा



**मुंबई :** महंगे एलपीजी सिलेंडर के बाद केंद्र सरकार अब आम लोगों को महंगाई का एक और झटका देने की तैयारी में है। इस बार लोगों को सड़कों पर गाड़ी चलाने के लिए अपनी जेब और ढीली करनी पड़ेगी। दरअसल, १ अप्रैल से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर सफर करना महंगा हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस संबंध में टोल प्लाजा के मौजूदा दर में वृद्धि करने का प्रस्ताव केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भेजने की तैयारी कर रहा है। नेशनल हाइवे से जुड़े २००८ के नियम के तहत एनएचएआई की इस सिफारिश को स्वीकार करना तय माना जा रहा है। अगर सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इस सिफारिश को मान लेता है तो अगले महीने की १ तारीख से देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर बढ़ी हुई नई दर लागू हो जाएगी। सूत्रों के अनुसार, एनएचएआई ने प्रति ट्रिप हलके वाहनों के लिए वर्तमान दरों में ५ प्रतिशत, जबकि भारी वाहनों (ट्रक/बस) के लिए १० प्रतिशत वृद्धि करने का प्रस्ताव दिया है। इनके अलावा टोल प्लाजा के २० किमी के दायरे में रहनेवाले लोगों को मिलनेवाले मासिक रियायती पास पर भी १० प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है।

## सांसद रवि किशन ने कपिल कला केंद्र की मांग का समर्थन किया

**समउर बाजार कुशीनगर।** मो रफी को भारत रत्न सम्मान देने की मुंबई की सामाजिक कलात्मक संस्था कपिल कला केंद्र की मांग का समर्थन गोरखपुर के भाजपा सांसद फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ल ने किया है। गायक कलाकार रामरती मनन धुरी खरवार चौक समउर बाजार निवासी और कपिल कला केन्द्र के अध्यक्ष मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार कपिलदेव खरवार ने अपने समउर आवास पर स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि संस्था गत 38 सालों से गायक मो रफी को भारत रत्न सम्मान देने की मांग केंद्र सरकार से कर रहा हैं।



इसी परिपेक्ष्य में अभिनेता सांसद रवि किशन शुक्ल से गोरखपुर सकिट हाउस में उनसे मिलकर सविस्तार रुप से चर्चा की।

सासंद महोदय ने कपिल कला केंद्र की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि मैं राष्ट्रपति ओर प्रधानमंत्री को इस सम्बंध में एक पत्र लिखकर इस बात को उनके संज्ञान में लेने की अपील करूंगा।

## मुंबई कांग्रेस सचिव किशोर मुंडेकल का जन्म दिवस समारोह संपन्न

**मुंबई:** मुंबई कांग्रेस सचिव एवम ए.आई.सी.सी.सदस्य किशोर



मुंडेकल का जन्म दिवस समारोह उनके मुलुंड कालोनी स्थित कार्यालय पर समारोह पुर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर उन्हें चरण सिंह सप्रा(कार्याध्यक्ष मुंबई



कांग्रेस),पुर्व नगर सेवक सुरेश कोपरकर, मनोज शिंदे, ई.मु.जिला कांग्रेस अध्यक्ष अब्राहम राय मणि,अयुब सय्यद, कार्याध्यक्ष उत्तम गीते,वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. बाबुलाल सिंह,राजेश इंगले, डॉ.आर.एम.पाल,दयाशंकर सिंह, शिवसेना युवा नेत्री राजोल संजय पाटील, नीता बेन जोशी (महिला अध्यक्ष), युवक कांग्रेस नेता मोहित सिंह, मनोज संसारे,संतोष गांवकर, अश्विनी पोचे, अल्का सावला, विठ्ठल सातपुते, संतोष सोनावणे, जगदीश शर्मा, रईस खान, भगवान किशोर तिवारी, विनोद कजानिया, विजय झनके, श्रीकांत सालुंके, ओम प्रकाश सिंह, मोजेस पीटर, अतुल जोशी, सानु शेख ने शाल पुष्प गुच्छ एवम भेंट वस्तु प्रदान कर,केक काट कर, पटाखे फोड़कर उन्हें जन्म दिवस पर बधाई दी।




## अनिल शर्मा तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश के निजी दौरे पर



**मुंबई :** सर्व समाज सर्वमान्य युवा चेहरा श्री अनिल शर्मा विगत दिनों अपने तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश के निजी दौरे पर थे इसी दौरान उन्होंने प्रदेश के कई बड़ी जगहों पर बैठक कर सामाजिक कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ होली के पावन अवसर पर वयोवृद्ध सामाजिक चेतनाओं के नेतृत्व का सुखद अनुभव भी प्राप्त किया। दोस्तों जिस की कुछ तस्वीरें आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं। श्री अनिल शर्मा के गले में पड़ी मालाएं उनके प्रति लोगों को स्नेह को दर्शा रही है। यह लाइनें अनिल शर्मा पर सटीक बैठती है..

छु न सको आसमान, तो ना सही...
लोगों के दिलों को छूने का आनंद भी आसमां छूने से कम नहीं !!!



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# इन्फ्लुएंजा की दस्तक

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में अचानक होने वाले बदलावों से जो सर्दी–गर्मी की स्थिति पैदा हो रही है, वह कई तरह के रोगों को जन्म दे रही है। इसी क्रम में देश के विभिन्न भागों में इन्फ्लएंजा की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। जिसमें खांसी, बुखार, गले में जलन, ब्रॉन्काइटिस जैसी फेफड़ों से जुड़ी तकलीफें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। चिंता इसलिये भी है कि इसके लक्षण कोविड वायरस जैसे ही हैं। वैसे तो यह वायरस दो–तीन दिन में ठीक हो सकता है लेकिन यदि कई हफ्ते तक प्रभाव रहता है तो कारगर इलाज की जरूरत महसूस की जाती है। इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के प्रभाव की वजह मौसम का अचानक सर्द व गर्म होना कहा जा रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग सावधानी रखने की बात कह रहे हैं। भारत जैसे सघन आबादी वाले देश में इसके प्रसार का जोखिम लगातार बना रहता है। जिसमें सावधानी ही कारगर उपाय कहा जा सकता है। कर्नाटक में एक व्यक्ति की मौत ने चिंता बढ़ाई है हालांकि उम्रदराज व्यक्ति पहले ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह समेत कई रोगों से पीड़ित बताया जाता है। हालांकि, ऐसी बात हरियाणा में एक व्यक्ति को लेकर कही जा रही है, लेकिन सरकारी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विशेषज्ञ इन्फ्लुएंजा के विषाणु को ज्यादा घातक नहीं मान रहे हैं लेकिन स्वच्छता के उपाय तथा खानपान की सजगता को मददगार मान रहे हैं। जिससे शरीर में इसके विषाणु प्रवेश न कर सकें तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बने। बहरहाल, लोगों में भय–असुरक्षा फैलने से रोकने के लिये समय रहते बचाव की तैयार होनी चाहिए। दरअसल, इन्फ्लुएंजा– ए वायरस के एच3एन2 सब–टाइप के लगातार बढ़ते मामलों ने इसलिये चिंता बढ़ाई है क्योंकि इसके अधिकांश लक्षण कोविड–19 जैसे हैं। जो वायु–प्रदूषण से तेजी से फैल सकता है। एक रोगी में कफ, बुखार, उल्टी, गले व शरीर में दर्द, थकान व आंतों में दर्द जैसे लक्षण दिखायी देते हैं। जबकि कम रोगप्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों, बूढ़ों तथा बीमार लोगों को यह जल्दी गिरफ्त में लेता है। आईसीएमआर के अनुसार कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिये यह एक चुनौती है। पश्चिम बंगाल में पहले इसने बड़ी संख्या में बच्चों को निशाने पर लिया है। लेकिन यदि बुखार लंबे समय तक कम न हो और सांस लेने में परेशानी हो तो डॉक्टर की सलाह लेने से परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 95 से कम होने पर चिकित्सीय सलाह की बात कही जा रही है।



नागपुर महाराष्ट्र निवासी,
विदर्भ केसरी
नागपुर सेन समाज के प्रिय अध्यक्ष जी,

व्यापारी एसोसियेशन के जेष्ठ मार्गदर्शक पदाधिकारी,सामाजिक, राजकीय कार्य में सदैव अग्रसर, मितभाषी, सबके चहते, आदर्श संस्कारी परिवार के प्रमुख, मेरे आदरणीय मार्गदर्शक श्री रमेशजी चांगल व सौ आदरणीय ब्यानजी सा इन्हें विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए अभिनन्दन प्रणाम नमन, वंदन।।।।

आप हरपल yesehi हासत मुख,समृद्ध, सुखी, निरोगी रहें यहीं सेन चरण में प्रार्थना।।।।

अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष
महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।
सभी मान्यवर पदाधिकारी।।
छापर वाल परिवार औरंगाबाद
पवार परिवार खंडाला वैजापूर
मखाना परिवार rahta
राजस्थान सेन मारू समाज ट्रस्ट मंडल नाशिक।।
सेन युवा मंडल नगर औरंगाबाद पुणे नागपुर विदर्भ महाराष्ट्र
राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के सभी मान्यवर पदाधिकारी।।
प्रदेश अध्यक्ष नारायणी सेना संगठन राजस्थान, एमपी यूपी गुजरात इंदौर चेन्नई हैदराबाद दील्ली।।

# रामनरायन गौतम क्षेत्र पंचायत सदस्य का भव्य स्वागत अनिल शर्मा ने किया

**बरसठी,** दिनांक 7 मार्च 2023 को रामनरायन गौतम क्षेत्र पंचायत सदस्य बरसठी ब्लाक का अनिल शर्मा नाई समाज नेता ने पुष्प हार व भोजपुरीया रुमाल पहनकर किया सत्कार व सामाजिक, आर्थिक ,राजनीतिक, विषयो पर किये चर्चा व ग्राम प्रधान दीपक तिवारी के कार्यो पर किये चर्चा दीपक तिवारी का मूल उधेश्य ग्राम सभा चक मलाई का चहुँमुखी विकास करना है। जिससे सभी ग्राम वासियो के मूल भुत अवश्यक्ताओ की पूर्ति हो सके, रामनारायण गौतम ने अपनो के विकास के लिए लगातार ब्लाक प्रमुख के संपर्क में है साथ मे रवि शर्मा, पंधारी गौतम, जोखन गौतम,पिंटू गौतम, तमाम युवा साथी साथ मे थे। अनिल शर्मा ने गाँव के चहुँमुखी विकास के लिए की सराहना।



# घरेलू तेल का उत्पादन बढ़ाने में सरकार नाकाम!

**मुंबईः** दुनियाभर में पाम तेल का प्रयोग खाने के तेल के रूप में होता है। हिंदुस्थान इस तेल का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। चूंकि देश में खाद्य तेल की खपत काफी ज्यादा है इसलिए इसका आयात करना पड़ता है। पीएम मोदी भले ही ह्यवोकल फॉर लोकलह्न की वकालत करते हैं मगर यह अभियान सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है। घरेलू तेल का उत्पादन बढ़ाने में सरकार नाकाम साबित हुई है। हर साल सरकार ५० हजार करोड़ रुपए के पाम तेल का आयात करती है।



खाद्य तेल की खपत में लगभग ५० फीसदी से ज्यादा इस्तेमाल पाम तेल का किया जा रहा है। आनेवाले दिनों में पाम तेल का आयात १६ फीसदी बढ़ने की संभावना है।

बता दें कि देश में पाम तेल की मांग बढ़कर २०१८ में १० मिलियन टन तक पहुंच गया था।

# पत्रकार एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सिंह ने मास्टर आफ बिजनेस लॉ एग्जाम क्वालीफाई करने पर रीमा गुप्ता को दी बधाई

**सुलतानपुर ।** विश्वस्तर पर प्रसिद्ध भारतीय कालेज नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी बैंगलोर जो कि एनआईआरएफ रैंकिंग 2022 में फर्स्ट रैंकिंग प्राप्त लॉ कॉलेज है ,जहां से मास्टर आफ बिजनेस लॉ (एमबीएल) परीक्षा में सुल्तानपुर बढ़ैयाबीर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी डी पी गुप्ता एड की बेटी रीमा गुप्ता ने सफलता प्राप्त कर लिया है। विश्वस्तरीय फैकल्टी से युक्त इस प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के कुलपति सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया होते हैं। रीमा गुप्ता के इस उपलब्धि पर पत्रकार एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सिंह ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद सुल्तानपुर की सम्मानित बेटी ने जिले के साथ साथ परिवार का भी नाम रोशन किया है बेटियां क्या नहीं कर सकती अगर मन में दृढ़ संकल्प और कुछ कर गुजरने की छमता है तो हर मंजिल कदम चूमती है कठिनाई अवश्य होती है पर हौसले को कभी कमजोर मत होने दे पत्रकार एकता संघ के सम्पूर्ण परिवार को इस बेटी पर नाज है संघ के संस्थापक जुनेद सानी एमपी प्रदेश अध्यक्ष मयंक सैनी कानपुर प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा जौनपुर लखनऊ जिला अध्यक्ष दिनेश दीक्षित सहित समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है



इसके अतिरिक्त श्रीमान जिला जज अंगद प्रसाद जी सिद्धार्थनगर, पूर्व जिलाधिकारी सुल्तानपुर श्रीमान श्री रवीश गुप्ता आईएएस, श्रीमान पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित आईपीएस, श्रीमान उमेश चंद्र त्रिपाठी संयुक्त निदेशक अभियोजन नोएडा, श्रीमान मनीष कुमार गुप्ता सेकेंड इन कमान्ड बीएसएफ, पूर्व विधायक माननीय संजय गुप्ता कौशांबी व भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रीतेश गुप्ता, पत्रकार एकता संघ राष्ट्रीय के अध्यक्ष श्री के.डी. सिंह, मानवाधिकार संरक्षण के नेशनल प्रेसिडेंट श्री वीरेन्द्र अग्रवाल व आईवीएफ के स्टेट सेक्रेटरी डा अजय गुप्ता व डा अनिल कुमार गुप्ता लखनऊ, डा पवन पांडेय, उद्योगपति हेमंत कुमार गुप्ता मुम्बई, हनुमान प्रसाद गुप्ता पूर्व अधिकारी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) भारत सरकार आदि सहित सैंकड़ों शुभचिंतकों ने बधाई दी। जौनपुर से मंडल क्राइम ब्यूरो चीफ सुरेश कुमार शर्मा की खास रिपोर्ट

# मौलिक अधिकार पार्टी संवैधानिक अधिकार के तहत जनता को आर्थिक आजादी देना चाहती है–जेपी शास्त्री

संविधान भाग 4 अनुच्छेद 36 से 51AH राज्य के नीति निर्देशक तत्व जनता के सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए लिखे गए जिसे जनता को जानना आवश्यक है।

अनुच्छेद 39 ग, 45, 50 और 51AH जानना अति आवश्यक है। (1)39क =सभी स्त्री-पुरुष को पर्याप्त रोजगार की गारंटी।39ख=प्राकृतिक संपदा जल जंगल जमीन का बंटवारा। 39ग= से प्राकृतिक संपदा जल जंगल जमीन से प्राप्त राष्ट्रीय आय का समान वितरण=प्रति व्यक्ति प्रतिमाह राष्ट्रीय आय लगभग रुपया 12500 है। देश की मालिक जनताहै, मतदाता ही असली सरकार है, एमपी एमएलए जनता के प्रतिनिधि है, और अधिकारी कर्मचारी जनता के नौकर हैं। इसलिए प्रति मतदाता रुपया 4000 प्रतिमाह वोटरशिप लागू होनी चाहिए।

39घ= समान कार्य के लिए समान वेतन-स्वदेशी- विदेशी, सरकारी, प्राइवेट विभागों, उद्योगों, कंपनियों, कार्यालयों, न्यायालयों में वेतनमान सेवा शर्ते सरकारी हो विद्यालयों की भाग कार्य दिवस 6 घंटे का हो।

39ड.=सुकुमार (14 वर्ष तक के बच्चे) तथा असहाय कर्मकार के भरण पोषण की जिम्मेदारी सरकार की है,।

(2)अनुच्छेद 45=6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी जिसे 2002 में 86वें संविधान संशोधन के द्वारा शून्य से 6 वर्षों के लालन-पालन की जिम्मेदारी कर दिया गया है उसे पूर्ववत लागू किया जाना चाहिए।

(3) अनुच्छेद 50=नौकरशाहों एवं न्यायपालिका को अलग करके निरीक्षण एवं राजस्व कार्यो के लिए अलग-अलग अधिकारी रखे जाएं।

(क) जिला मजिस्ट्रेट(DM)-डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट-जनपद दंडाधिकारी-न्याय के लिए।

(ख) जिला अधिकारी(DO)-डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर- निरीक्षण के लिए।

(ख) जिला राजस्व अधिकारी (DC)-डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर -राजस्व संग्रह अधिकारी।

नायब तहसीलदार की अदालत ब्लॉक पर, कानूनगो न्याय पंचायत पर, लेखपाल ग्राम पंचायत पर बैठे होमगार्ड ( घर का रक्षक )और चौकीदार रात में पंचायत भवन पर रहे।

(4) अनुच्छेद 51AH=मानववाद लाया जाएगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। जो क्रियाकलाप मानव, पशु पक्षियों, जानवरों के जीवन के लिए हानिकारक है। पर्यावरण के लिए नुकसान दाई है। उसे बंद किया जाएगा।

इसलिए संविधान एवं जनप्रतिनिधि कानून 1951 में निरर्थक संशोधन निरस्त करना पड़ेगा।

1=संविधान समीक्षा का निरस्तीकरण=पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई और पंडित एम0एन 0बेंकट चेलैया द्वारा समीक्षा रिपोर्ट जिसमें लिखा गया है कि प्रत्येक गांव और वार्ड से एक प्रतिनिधि चुना जाएगा जो यमपी, एमएलए को वोट देगा फिर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख की भांति एमपी एमएलए बनना शुरू हो जाएंगे वह रिपोर्ट निरस्त हो।

2=जनप्रतिनिधि कानून 1951 तब और अब=(a) मूल संविधान में चुनाव चिन्ह निश्चित करने का कोई अनुच्छेद नहीं है। मान्यता प्राप्त के लिए चुनाव चिन्ह निश्चित करना , गैर मान्यता प्राप्त दल निर्दल एवं पंचायत राज्य के प्रत्याशियों के लिए अनिश्चित करना समता के मौलिक अधिकारों का हनन है।

(b) बड़ा नामांकन शुल्क एवं प्रस्तावकों की संख्या का समापन=गरीब आदमी चुनाव ना लड़ सके इसलिए नामांकन शुल्क 50 गुना एवं प्रस्तावकों की संख्या 10 गुना गैर मान्यता प्राप्त दल एवं निर्दल के लिए बढ़ा दी गई है। सत्ताधारी दल के लिए एक ही रखी गई।

(c) पर्चा खारिज करने पर रोक=पर्चा भरने की गलती पर पर्चा खारिज करना दंडनीय अपराध होगा।

(d) वोटिंग प्रक्रिया=सभी वोटिंग मशीनों के साथ विश्वसनीयता, पारदर्शिता एवं गारंटी के लिए वीवीपैट मशीन से निकली हुई पर्ची बैलट बॉक्स में मतदाता डालें और उसी की गिनती की जाए तथा मशीन से मिलान किया जाए उसके बाद परिणाम घोषित किया जाए।

(e) नकारात्मक वोट (मत)=चुनाव आयोग सभी प्रत्याशियों के नाम, निशान एवं दल के नाम की



संयुक्त होर्डिंग लगवाए और मतदाता पर्ची के पीछे लिखकर प्रत्येक परिवार तक पहुंचाएं।

(I) पक्षपात रोकना=निर्वाचन अधिकारी, चुनाव प्रेक्षक एवं मीडिया कर्मी मतगणना के 30 दिन के अंदर 75% चुनाव में भागीदार राजनीतिक दलों से संतुष्टि प्रमाण पत्र ले।

समाज के जागृत प्रबोध और समृद्ध लोगों से अपेक्षा है कि संविधान को जन-जन पहुंचाने के लिए तन मन धन से सहयोग की अपेक्षा है। मौलिक अधिकार पार्टी द्वारा 26 नवंबर 2022 को उक्त बिंदुओं का ज्ञापन द्वारा डीएम महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया है। तो आइए मौलिक अधिकार पार्टी का हिस्सा बनकर सदस्यता लेकर पूरे भारत देश में में जनता की आर्थिक आजादी के लिए पूर्ण विकास के लिए सामाजिक ,आर्थिक, राजनीतिक न्याय के लिए मौलिक अधिकार पार्टी की सरकार बनाए धन्यवाद।

**निवेदकः–**
**राम बहादुर शर्मा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रतापगढ़ एवं प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी उत्तर प्रदेश।**
**मो0नं09670657111**

# महिलाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बना रही संध्या

## जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी



**महिला दिवस पर विशेष**

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** जिनमें कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो संध्या चंद्रसेन उन्हें विभिन्न कलाओं में पारंगत कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं। समाजसेवा के लिए उन्होंने विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की स्थापना की। उपासना एजुकेशन ट्रस्ट के साथ मिलकर वे सैकड़ो जरूरतमंद बालिकाओं व महिलाओं को सेवा के अवसर प्रदान कर चुकी हैं । संध्या विगत आठ वर्षों से पूरे छत्तीसगढ़ में महिलाओं को झाड़ू , चटाई , टोकरी, जुट के बैग बनाने, फिनाइल, डिटर्जेंट, साबुन , दंतमंजन, हैंडवाश ,पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ रही हैं।उनका कहना है कि महिलाएं ये प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लेती हैं तो घर की आजीविका का बहुत बड़ा आधार बन सकती हैं । इनके अलावा संध्या ने शैम्पू व,धूपबत्ती बनाने का भी प्रशिक्षण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं ।

संध्या का कहना है कि आज महिलाएँ कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं पर, खासतौर से शोषित-पीड़ित वर्ग की महिलाओं पर, लगातार अत्याचार बढ़ता जा रहा है। इसके लिये महिलाओं को खुद ही हिम्मत से आगे आना होगा। महिलाएँ हर जगह शोषण की शिकार हैं। वे जहां जाती हैं वहाँ खतरा मंडराया रहता है इसलिए शोषित-पीड़ित महिलाओं को शोषक वर्ग के खिलाफ अपनी आजादी की लड़ाइ खुद ही लड़नी होगी।

# नशा एक सामाजिक अपराध, इनसे बचें - भारती मरकाम

## विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र में निजात अभियान का सफल आयोजन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के ह्यनिजातह्न अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए चकरभाठा थाना की टीम ने चिचिरदा स्थित विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्र में निजात कार्यक्रम का आयोजन किया । इस अभियान के तहत पुलिस ने कई नशेड़ियों को शराब और ड्रग्स की लत छुड़ाने में मदद की है। इस अवसर पर चकरभाठा थाना इंचार्ज भारती मरकाम ने कहा कि नशा करना एक सामाजिक अपराध है। हमनें नशे का अवैध कारोबार करने वालों के



खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। इसमें जो लुके छिपे गांजा,शराब एवं नशे की गोलियां बेचीं जा रही हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है ।भारती ने कहा कि कोई भी नशा अपराध को जन्म देता है । नशा करने के पश्चात लोग परिवार को भी नहीं पहचानते और फिर यही विवाद का कारण बनता है । आज पुरुषों के साथ महिलाएं भी नशे की लत में अपना जीवन बर्बाद कर रही हैं । अवसर पर विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मिंटू अरोरा ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी समाज का एक अहम अंग है। हम अक्सर देखते हैं कि युवा पीढ़ी भी इन्ही व्यसनों में लिप्त है। इससे आने वाले भविष्य के विषय में हम कल्पना कर सकते हैं । हमें निजात अभियान को आगे बढ़ाना है ताकि अधिक से अधिक लोग नशे की गिरफ्त से छूट सकें।

विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा नशा मुक्ति केंद्र एवं पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। यहां पर नशे से लिप्त लोगों को रखा जाता है। यहां पर उनके दिमाग को परिवर्तित कर अन्य कामकाज में लगाया जाता है। निजात अभियान के कार्यक्रम में पुलिस विभाग से प्रियंका सिंह, अतीफ पारीक एवं अर्जुन जांगड़े ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संस्था सचिव संध्या चंद्रसेन ने भी नशे से छुटकारे के संबंध में लोगों को जागरूक किया। निजात कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष मिंटू अरोरा, उपाध्यक्ष मनस्यु अरोरा, सचिव संध्या चंद्रसेन, मदन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल,मनीषा सैमुअल , स्नेह गुलशन तिर्की, योगेश चंद्रवंशी,हेमलता एवं विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के विद्यार्थी शामिल रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंन्ना)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. 9833235063
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



**खंडाला के गोरोबा काका मंदिर में श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर से पैठन पदयात्रा से जा रहें 15 वारकरी भक्त मंडल का आगमन होने पर उन्हें भोजन कराने का अवसर प्रभु कृपा से प्राप्त हुआ।। सौ, लता अशोक पवार, सोहम पवार इन्होंने सब कार्य किया।।**

# स्त्री सृजन शक्ति, स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व- रितु पाण्डेय

## ब्रह्माकुमारीज आसमा सिटी सेंटर में महिला दिवस पर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** ब्रह्माकुमारीज बिलासपुर आसमा सिटि कॉलोनी सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया, साथ ही होली का पर्व भी मनाया गया .यह कार्यक्रम महिला दिवस पर विशेष नारी सशक्तिकरण पर आधारित था. जिसका मुख्य



उद्देश्य हर नारी को अपनी शक्तियों से परिचित करा कर जीवन के हर क्षेत्र में आध्यात्मिकता के साथ सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना था. इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर विधायक की धर्मपत्नी रितु पांडे थी। उन्होंने कहा कि स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है।इस सृजन की शक्ति को विकसित कर उसे सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय विचार विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता के साथ समानता का अवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण कहलाता है . इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब आफ क्रॉउन की अध्यक्षा नीरू बिष्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां स्त्रियों का सम्मान होता है वहां देवता रमण करते हैं वैसे तो नारी को विश्व भर में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है किंतु भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में देखें तो स्त्री का विशेष स्थान सदियों से रहा है फिर भी हम खुले मन से देखें तो महिलाओं को मिले सम्मान के बाद भी यह दो भागों में विभक्त है एक तरफ एकदम से दबी कुचली अशिक्षित और पिछड़ी महिलाएं हैं तो दूसरी तरफ प्रगति पथ पर अग्रसर महिलाएं .कई मामलों में तो पुरुषों से भी आगे नई ऊंचाइयां पर महिलाएं हैं यह भी सच है कि महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों ने स्त्री शक्ति को अधिक सहज होकर स्वीकार किया है और उचित सम्मान भी दिया है उसे देवी माना और देवी तुल्य मान रहा है .जिसकी वह वास्तविक हकदार भी है .महिला दिवस सिर्फ 1 दिन नहीं है हम महिलाओं के लिए हर दिन महिला दिवस हैं जिसमें हमें हंसते हुए अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते रहना है.श्री जनकल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीषा चौहान , प्रिंस वैली वैली इंग्लिश स्कूल की प्राचार्य माधवी भारत, मनीषा झा समाजसेवीका ने भी महिला सशक्तिकरण के ऊपर अपने विचार प्रकट किए .इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी तालापारा सेवा केंद्र की प्रभारी बीके रमा दीदी ने कहा कि पूरे विश्व में ब्रह्माकुमारी संस्था महिलाओं के द्वारा संचालित एक मात्र संस्था है जिनके द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाता है इस संस्था से जुड़कर इंजीनियरिंग मेडिकल स्पोर्ट्स इन सभी क्षेत्रों में महिलाएं सफलता प्राप्त कर रही हैं घर के चौके चूल्हे से बाहर बिजनेस ,प्रशासनिक सेवा हो पुलिस विभाग हो हवाई सेवा हो या फिर खेल का मैदान हो महिलाओं ने हर जगह सफलता का परचम लहराया है यहां तक कि महिलाएं कई राष्ट्रों की राष्ट्राध्यक्ष भी रही है और खुशी की बात है कि हमारे देश की सर्वोच्च पद पर माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी हैं जो कि हमारी संस्था के साथ भी गहराई से जुड़ी हुई है. हमें अपने लिए सिर्फ इतनी सी बात समझनी है कि हम अपने आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाएं और अपनी प्रतिभा क्षमता अभिरुचि को पहचान ईश्वर ने हमें जिन गुणों से भरपूर किया है उन्हें निकालना है स्वयं को प्रसन्न करने के लिए काम करना है जिससे हमें अपने आसपास वातावरण प्रसन्नता खुशी से भरपूर मिलेगा और हम अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर अपने आसपास के वातावरण को भी खुशनुमा बना सकेंगे.साथ ही रमा दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि किसी को रंगना है तो उनके मन को अच्छे विचारों से रँगिये. होली का अर्थ जो बीत गई उसको भूल जाना भी है और उनके प्रति शुभ भावना शुभकामना रखना है साथ ही होली मतलब मैं भगवान की हो अर्थात ईश्वर को अपना सब कुछ समर्पित कर निमित्त भाव से हर कार्य को करने से जीवन में तनाव नहीं आता और खुशी-खुशी हर कार्य संपन्न भी हो जाता है हर कार्य सफल हो जाता है सफलतापूर्वक संपन्न हो जाता है साथ ही होली अर्थात इंग्लिश में होली अर्थात पवित्रता को कहा जाता है हम जितना मन से पवित्र रहेंगे उतने ही हमारे सब के साथ संबंधों में मिठास भी आएगी और विभिन्न प्रकार के व्यर्थ तनाव चिंताओं से मुक्त रहेंगे. इस राजयोग मेडिटेशन सेंटर की संचालिका बीके अंशु बहन ने संस्था का परिचय देते हुए बताया यह संस्था की ब्रह्माकुमारी सन 1936 से मात्र शक्तियों द्वारा संचालित विश्व के एकमात्र संस्थान है जो सारे विश्व में महिला शक्ति महिला सशक्तिकरण वारा विभिन्न प्रकार की सामाजिक आर्थिक नैतिक आध्यात्मिक विकास हेतु विगत 87 साल से निरंतर कार्यरत है.कार्यक्रम के अंत में बीके अंशु बहन ने मेडिटेशन द्वारा उपस्थित समस्त महिला शक्तियों को परमात्मा शक्तियों का अनुभव कराया एवं ब्रह्माकुमारी बहनों ने आए हुए समस्त अतिथियों को तिलक ताज पहनाकर और ईश्वरी सौगात देकर सम्मानित किया बीके शुभी बहन ने जन जन का कल्याण करें शिव शक्ति कि नारी इस गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक संचालन बीके पूजा बहन ने किया. कार्यक्रम में बीके उषा बहन बीके निशु बीके पूजा बीके रिंकू आदि सभी सहभागी रहे।

# रंग बरसे महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**मुंबई।** कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वार्षिक होली स्नेह सम्मेलन 'रंग बरसे 2023' कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। 19 मार्च रविवार को मालाड (पश्चिम) एस.वी.रोड स्थित धूड़मल बजाज हॉल में 'रंग बरसे 2023' का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक शनिवार को मालाड (पश्चिम) स्थित रुईया हाल में आयोजित की गई।



संस्था के कार्यकारिणी सदस्य रामबली विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे। कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि भवन निर्माण व आंतरिक साज सज्जा से जुड़े कारीगरों के इस समारोह में सभी के लिए प्रवेश निःशुल्क है। कार्यक्रम संयोजक गंगाराम विश्वकर्मा ने रंग बरसे कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, गुलाब विश्वकर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, वकील विश्वकर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा, दीनानाथ विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, संजय विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, राम बहादुर विश्वकर्मा, शैलेश विश्वकर्मा, संतलाल विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा हार्डवेयर आदि भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

# दीनहीन की सतत सेवा में सक्रिय

# समाजसेवी नीरु बिष्ट को मिला सम्मान

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** शहर की ख्यातिलब्ध समाजसेवी रोटरी क्लब ऑफ क्राउन और स्माइल कुलपति आचार्य अरुण दिवाकरनाथ वाजपेयी, डॉक्टर एलसी मढ़रिया, डॉक्टर विनोद तिवारी,डॉक्टर रश्मि जाता है। कोरोना के विकराल दौर में उन्होंने बिना किसी परवाह के पीड़ितों दीन दुखियों की सेवा में सक्रिय





वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष नीरु बिष्ट को उनकी सेवाओं के लिए महिला दिवस के अवसर पर हरिहर ऑक्सीजोन एवं सक्षम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के बुधिया और डॉक्टर संजना तिवारी की उपस्थिति में नीरु बिष्ट को यह सम्मान प्रदान किया गया। समाजसेवा का पर्याय बन चुकी नीरु बिष्ट विगत पांच वर्षों से बिलासपुर और आसपास के गाँव में समाज सेवा में सक्रिय हैं। कोरोना काल में उनकी अहम भूमिका के लिए उन्हें याद किया रहीं। कोई भी जरूरतमंद नीरु बिष्ट से मिलकर कभी खाली हाथ वापस नहीं जाता। कभी कोई तकलीफ में हो नीरु वहाँ पहुंचकर उनकी समस्या सुलझाने का हरसम्भव प्रयास करती हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में नीरु बिष्ट के इसी समर्पण के लिए उन्हें महिला दिवस पर सम्मानित किया गया ।

# कातिल कौन

## वेब सीरीज में नजर आएंगे नॉर्थ इंडियन व साउथ इंडियन कलाकार: अजय शास्त्री

**नई दिल्ली:** आजकल सिनेमा पर्दे से हटकर ऑनलाइन चला गया है यानि अब वेब का जमाना आ गया है। इसी लिए आजकल वेब सीरीज का जमाना रह गया है हर कोई वेब के लिए ही काम करने में मस्त है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए टी-टाइम म्यूजिक इंडस्ट्री द्वारा भी वेब सीरीज का निर्माण किया जा रहा है जिसमे नॉर्थ इंडियन व साउथ इंडियन कलाकार एक साथ नजर आएंगे। कलाकारों का ये कॉम्बिनेशन दर्शकों को बहुत हर्षोत्साहित कर रहा है। वेब सीरीज के शूटिंग 17 मार्च से दिल्ली, रूड़की व हरिद्वार में शुरू होने जा रही है और 30 मार्च तक चलेगी।

आपको बता दें कि टी-टाइम म्यूजिक इंडस्ट्री 'कातिल कौन' वेब सीरीज का निर्माण कर रही है अभी तक वेब सीरीज 'कातिल कौन' के दो एपिसोड का निर्माण हो चुका है और प्रसारित भी किया जा चुका है। 'कातिल कौन' वेब सीरीज के तीसरे एपिसोड में साउथ इंडियन कलाकार के. बंगारू बाबू व अन्य कई कलाकारों के साथ नार्थ इंडिया से अजय शास्त्री, प्रशांत माथुर, अंजलि शास्त्री, पूजा, सोनी, कोयल, सुनील सागर आदि नजर आएंगे। इस वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफार्म के साथ-साथ यूट्यूब पर भी रिलीज किया जायेगा।

यह वेब सीरीज क्राइम, मर्डर मिस्ट्री, सस्पेंस, हॉरर का पारिवारिक विषयों पर अलग-अलग स्टोरीज पर आधारित है। वेब सीरीज के लेखक, निमार्ता व निर्देशक अजय शास्त्री है व सह निमार्ता रचना शर्मा है।

वरिष्ठ पत्रकार सतबीर पांचाल से वातालर्ाप करते हुए शास्त्री जी ने बताया कि नॉर्थ इंडिया में पहली बार कोई साउथ इंडियन कलाकार शूटिंग के लिए आ रहे है ये हमारे नॉर्थ इंडिया के लिए गौरव की बात है। नॉर्थ इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डेवलपमेंट एसोसिएशन के फाउंडर प्रेजिडेंट व फिल्म निमार्ता-निर्देशक अजय शास्त्री का सपना पूरा होता नजर आ रहा है कि नार्थ इंडिया के प्रत्येक राज्य में भी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की तरह प्रत्येक राज्य में फिल्म इंडस्ट्री बने ताकि राज्य में कलाकारों को काम मिले और राज्य को राजस्व मिले।






# हरजु गरजु संघ का 'होली हुड़दंग' मुलुंड में सोल्लास संपन्न

**मुंबई-** हरजु गरजु संघ एवम युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा 'होली हुड़दंग' का आयोजन भानबाई निवास, एम.जी.रोड, मुलुंड प.पर किया गया। आयोजक डॉ.बाबुलाल सिंह एवम डॉ.सचिन सिंह ने बतलाया है कि आजमगढ के सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक चंद्रशेखर पटेल, नरेंद्रभारती, जे.पी.मौर्य, प्रियंका भारती,राकेश राजा,रीमा,संजय पटेल, वादक संतोष कुमार, मनोज कुमार, हरीश राय,अमन कुमार ने अपने फगुआ, कबीर,लोकगीतों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में सुनील गंगवानी( महासचिव, मुंबईकांग्रेस), डॉ.आर.आर.सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता),उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष ईशान्य मुंबई कांग्रेस),कैलाश पाटील, के.एन. सिंह (अध्यक्ष उत्तर भारतीय मित्र मंडल),बबीता गुप्ता,मोहनलाल राज,शरीफ खान (सचिव उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),एड. अमित पाटील,रामदौर यादव, एड.संतोष दूबे,एड.विनय सिंह, राजपूत, पप्पु जोशी,रमेश गुप्ता, समाज सेवक बीरेन्द्र पाठक,अरुण दीक्षित, रमेश सिंह,रमेशजायसवाल, अमित गुप्ता, हजारी सिंह, हेमंत बापट, राजन उटवाल, भगवानकिशोर तिवारी,राजाराम शर्मा,रतिनाथ शुक्ल, बिरजु यादव,राजेश सोनकर, हीरालाल भणगे,योगेन्द्र श्रीवास्तव, मंदार शेलार, राकेश राघवन, धर्मेश सोनी,विजय ठक्कर, धर्मेंद्र सिंह, शीतला प्रसाद सिंह,विनोद तन्ना, जागृति मेडम सहित मुलुंड के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पत्रकार सुशील कुमारपांडेय, अविनाश पांडेय, छोटेलाल शर्मा, बिपीन पांचाल, भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।





सह आयोजक डॉ.आर.एम. पाल, सुरेंद्र मिश्रा, मोहित सिंह, दयाशंकर पाल, राकेश मिश्रा, अविनाश पाठक, दीनानाथ यादव, मनोज सिंह ने सभी लोगों का अबीर, गुलाल लगाकर होली हुड़दंग में स्वागत किया।






यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com